**भारत सरकार**

**विदेश मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1804**

**21.09.2020 को उत्तर देने के लिए**

**चीनी सेंध**

**1804. श्री संजय सदाशिवराव मांडलिकः**

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः**

**श्री बिद्युत बरण महतोः**

**श्री सुधीर गुप्ता :**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय अधिकारियों ने हाल ही में कांडला बंदरगाह के पास पाकिस्तान जाने वाले चीन के व्यापारिक जहाज से सैन्य अनुप्रयोग वाले एक दोहरे उपयोग वाले आटोक्लेव/उपकरण को जब्त किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उनके मंत्रालय ने चीन की इन संस्थाओं के दुरुपयोग के कारण सुरक्षा में संभावित सेंध के संबंध में चीन की सरकार को अपनी चिंता व्यक्त की है; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में चीन की सरकार/प्राधिकारियों की इस पर क्या प्रतिक्रिया है और इस मुद्दे पर सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**विदेश राज्य मंत्री**

**[श्री वी. मुरलीधरन]**

**(क) से (ग)** भारतीय प्राधिकारियों ने एक ऑटोक्लेव जब्त किया है, जो एक दोहरे उपयोग वाली नियंत्रित वस्तु है और कांडला बंदरगाह पर जलयान द्वारा इसके बारे में गलत घोषणा की गई थी। हमने, चीन को इन वस्तुओं के प्रसार के संबंध में अपनी चिंताओं से अवगत करा दिया।

***